आकाशवाणी केन्द्र शिमला
14.12.2025 / प्रादेशिक समाचार / 1500बजे

ऊर्जा संरक्षण

आज ऊर्जा संरक्षण दिवस है। ऊर्जा दक्षता में राष्ट्र की उपलब्धियों को दर्शाने और ऊर्जा संरक्षण के महत्व को लेकर जागरुकता बढ़ाने के लिए हर वर्ष आज के दिन यह दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर राष्ट्रापति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण पुरस्कार और ऊर्जा संरक्षण–2025 पर राष्ट्रीय चित्रकारी प्रतिस्पर्धा के विजेताओं को सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि ऊर्जा संरक्षण अब सिर्फ एक विकल्प नहीं, बल्कि वर्तमान समय की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बचत की गई ऊर्जा की हर इकाई प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी की भावना को दर्शाती है। राष्ट्रपति ने कहा कि भारत ने ऊर्जा संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा परिवर्तन के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि प्रदेश में गुणात्मक शिक्षा मुहैया करवाने के उद्देश्य से सरकार ने स्कूलों में अगले शैक्षणिक सत्र से छात्रों के लिए मोबाइल फोन पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाने का निर्णय लिया है। शिमला में आयोजित समग्र शिक्षा के एक कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को गुणात्मक और बेहतर शिक्षा देने के लिए राज्य सरकार कृतसंकल्प है। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि मिड डे मील के तहत बच्चों को बेहतर पोषण देने के हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं।

*नई शिक्षा प्रणाली को कैसे मजबूत किया जाए 2032 तक हमारा यह मानना कि पूरे हिंदुस्तान में हिमाचल प्रदेश के शिक्षा प्रणाली नंबर वन की होगी लेकिन हम गुणात्मक शिक्षा में 21वे स्थान से 5वें स्थान पर पहुंचा है। मैं शिक्षा विभाग के लिए बजट की कोई कमी नहीं है और शिक्षा विभाग में हम अगले वर्ष एकेडमिक सेशन में एक बात और कहना चाहता हूं कि पहले प्री नर्सरी से लेकर 12वीं तक के बच्चों को मोबाइल पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाकर अगले अकेडमिक सैशन में लगा दिया जाएगा दूसरा हम प्राइमरी जो बच्चे हैं जिनके पीछे प्राइमरी स्कूल वालों की जो स्पोर्टस की एक्टिविटीज है उसको कुछ रोक दिया गया था उसको अगले एकेडिमिक सैशन से पूरा शुरू किया जाएगा तो यह दो चीज हम अगले एकेडमी सेशन से शुरू करेंगे और क्वालिटी एजुकेशन में कहां कमी रहेगी है हमने उस चीज को पहचाना है।*

वॉकथॉन

प्रदेश सरकार द्वारा नशे के खिलाफ शुरू किए गए विशेष अभियान के तहत 16 दिसम्बर को हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन का आयोजन किया जाएगा। प्रदेश पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने आज हमीरपुर में मैगा वॉकथॉन की तैयारियों का जायज़ा लिया। उन्होंने अधिकारियों से मैदान में प्रतिभागियों की सुविधा का विशेष ध्यान रखने और इस आयोजन को बेहतर ढंग से संपन्न करवाने के लिए तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए। इस दौरान ज़िला उपायुक्त अमरजीत सिंह, आई.जी. विमल गुप्ता सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री शगुन योजना

प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शगुन योजना के अन्तर्गत किन्नौर में सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये गए हैं। जिला कार्यक्रम अधिकारी जय कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि इस योजना से किन्नौर जैसे जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा व जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक मजबूती मिली है।

*प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री शगुन योजना के अंतर्गत किन्नौर में सामाजिक सुरक्षा को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है जिला कार्यक्रम अधिकारी जयकुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के परिवारों को विवाह एवं सामाजिक अवसरों पर आर्थिक सहयोग देने के उद्देश्य से संचालित की जा रही है ताकि योजना का लाभ जरूरतमंदों तक पहुंच सके उन्होंने आम जनता से आग्रह किया है कि पात्र व्यक्ति योजना से संबंधित जानकारी अपने निकटतम विकासखंड कार्यालय से प्राप्त कर लाभ उठाएं । मुख्यमंत्री शगुन योजना से किन्नौर जैसे दूरस्थ जनजातीय क्षेत्र में सामाजिक सुरक्षा को मजबूती मिल रही है आकाशवाणी के लिए किन्नौर से मै सुमेश नेगी........*

क्रिकेट

भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच तीसरा टी–20 मैच आज शाम धर्मशाला में खेला जाएगा। यह मैच शाम 7 बजे शुरू होगा। 5 मैचों की श्रृंखला में दोनों टीमें फिलहाल एक–एक की बराबरी पर हैं।